हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 अप्रैल 2026

06 परशुराम जन्मोत्सव को लेकर महिलाओं ने निकाली...



09 सीईओ जिला पंचायत ने स्वयं भरा ऑनलाइन स्वगणना...





## खबर संक्षेप

### डॉ दिवाकर सिंह राजपूत शोध उपाधि समिति के सदस्य मनोनीत



**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में पदस्थ डॉयरेक्टर ऑफ एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में शोध उपाधि समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के कुलपति द्वारा शोध उपाधि समिति सदस्य के रूप में नामित प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत का कार्यकाल दो वर्ष रहेगा। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर राजपूत देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अनेक समितियों के सदस्य हैं।

### वन विभाग की कार्रवाई टाइगर रिजर्व में अवैध लकड़ी जब्त की

**सागर।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत परिक्षेत्र नौरोदेही बीट पुसेरा में वन विभाग द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संग्रहीत लगभग 120 नग लकड़ी (करीब 6 घन मीटर) सागौन एवं अन्य प्रजाति की लकड़ी 16 अप्रैल को जब्त की गई। वन विभाग की टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करें तथा किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें।

### वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन 25 तक मांगे

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 03 मई को सागर जिले से वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा का आयोजन प्रस्तावित है। मध्यप्रदेश शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार इस यात्रा में 262 तीर्थ यात्रियों को शामिल किया जाएगा। यात्रा के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की गई है। इच्छुक हितग्राही निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी आवेदनों में आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज सॉफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी दोनों रूपों में आवेदन संबंधित कार्यालय में समय-सीमा के भीतर जमा करना होगा। आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा, जिसके उपरांत पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। जिन यात्रियों द्वारा पूर्व में योजना का लाभ लिया जा चुका है, उनके आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### दो सिंचाई परियोजनाओं को 15.12 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति मिली

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की पहल पर मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन विभाग ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन ब्लाक की दो महत्वपूर्ण लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए 15.12 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। मध्यप्रदेश शासन के जलसंसाधन विभाग के अपर सचिव रवीन्द्र चौधरी द्वारा विभाग के प्रमुख अभियंता को भेजे गए पत्र के अनुसार सागर जिले के मालथौन विकासखंड की बरोदिया चंद्रापुर तालाब (नहर रहित) सिंचाई परियोजना को 822.88 लाख तथा बीजरी सागौनी तालाब (नहर रहित) सिंचाई परियोजना को 689.64 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन दोनों सिंचाई परियोजनाओं से आसपास के अनेक ग्रामों का जलस्तर बढ़ेगा तथा सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

---

राजस्व प्रकरणों में आदेश होते ही आदेश का अमल करने के लिए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# राहत राशि के प्रकरणों का शीघ्रता से निपटान कर पात्र को राशि का वितरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



ई-टोकन से ही हो उर्वरकों का वितरण, अन्य विधि से नहीं, नरवाई जलाने पर जागरुकता, जुर्माना वसूली एवं एफआईआर की कार्यवाही करें, आरसीएमएस प्रकरणों को प्राथमिकता से और शीघ्रता से निराकृत करें, राहत राशि के प्रकरणों का शीघ्रता से निपटान कर राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करें, राजस्व प्रकरणों में आदेश होते ही आदेश का अमल सुनिश्चित करें एवं फार्मर रजिस्ट्री, नक्शा सुधार, फौती नामांतरण के प्रकरण लंबित न रहें। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अनुविभागवार और न्यायालयवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एसडीएम, तहसीलदार अपने-अपने न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए पक्षकारों से संवाद स्थापित करें एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय से कार्य करें। एसडीएम, तहसीलदार अपने अपने कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित करें। जाति प्रमाण पत्र के अभाव में केस लंबित न हों। तालाबों पर अतिक्रमण हटाने का कार्य मिशन मोड पर संचालित करें और वर्षाकाल से पूर अतिक्रमण हटाने का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए समस्त एसडीएम अपने अपने अनुविभाग में आने वाले उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करें एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चि करें। खरीदी, उठाव और परिवहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर पाल ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार राजस्व रिकॉर्ड डिजिटलाइजेशन का कार्य शीघ्रता, शुद्धता एवं पारदर्शिता से करें। जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री का प्रतिशत बढ़ाएं, ताकि किसानों को असुविधा न हो। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री आवश्यक है इसलिए खरीब सत्र की मांग आने से पूर फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करें।

कलेक्टर ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए की राजस्व के समस्त अधिकारी, कर्मचारी आई गोट कर्मयोगी के अंतर्गत अपना पंजीयन कराएं एवं प्रशिक्षण प्राप्त करें। इसी प्रकार ईएचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से अपनी अपनी सर्विस बुक को ऑनलाइन करें। इसी प्रकार नक्शा सुधार एवं अभिलेख दुरुस्ती के कार्य को पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए।कलेक्टर पाल ने नियमित रूप से गांवों में बी-वन वाचन करने और मौके पर ही आवश्यक सुधार कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राकृतिक प्रकोप, राहत राशि का भुगतान तत्काल प्रदान करें। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन प्रकरणों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार राजस्व वसूली पर भी विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने आरसीएमएस पोर्टल पर सभी जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए हैं। राहत राशि वितरण की समीक्षा, निर्माण कार्यो (अनुरक्षण) की प्रगति की समीक्षा, सीएस मॉनिट, राहवीर, के प्रकरणों की समीक्षा भी की।



## ब्राह्मण समाज की वाहन रैली आजः राष्ट्रभक्ति और गोरक्षा के संदेश के साथ दिखेंगी सजीव झांकियां

**सागर।** आज रविवार को ब्राह्मण समाज द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से विशाल अक्षय वाहन रैली निकाली जायेगी जो कालीचरण चौराहा सिविल लाइन से प्रारंभ होकर ठाकुर देवालय सदर में समापन होगी। युवा सर्व ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं.भरत तिवारी ने बताया कि रैली शाम चार बजे से प्रारंभ होगी वाहन रैली के माध्यम से विप्र समाज राष्ट्र भक्ति और गौरक्षा का संदेश भी देता दिखाई देगा। सभी विप्रजन पारंपरिक परिधान और पीली पगड़ी दुपट्टा के साथ नजर आएंगे। परशुराम आकृति वाले ध्वज के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी वाहन रैली में दिखाई देगा। वाहन रैली को पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक पं.गोपाल भार्गव हरीझंडी दिखाएंगे रविवार को डॉ अनिल तिवारी, पं.प्रमेंद्र गोलू रिछारिया, पं.पप्पू तिवारी, पं.शिवप्रसाद तिवारी ने भार्गव को कार्यक्रम का आमंत्रण भी पीले चावल के साथ विधिवत भेंट किया। क्षेत्रवार बैठकें भी हो चुकी मकरोनिया, तिली, सदर, बड़ाबाजार,गोपालगंज आदि क्षेत्रों से विप्रजन के वाहन टोलियों के साथ आकर रैली में शामिल होंगे। रविवार को ढाना में भी बैठक आयोजित हुई पं.सुशील पांडेय, पं.सुरेंद्र तिवारी, पं.राजीव हजारी,पं.बलराम मिश्रा के नेतृत्व में ढाना से 251 वाहन रैली में सम्मिलित होंगे। सुश्री दीपा तिवारी ने बताया कि वाहन रैली में विप्रजनों के साथ विप्र शक्ति भी लाल परिधान के साथ दिखाई देगी। परशुराम जी के स्वरूप के साथ बच्चों की सजीव स्वरूप झांकियां भी वाहन रैली में रहेंगी। जिनमें भगवान भोलेनाथ, भगवान श्रीराम, माता रेणुका,भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पाण्डेय आदि के आकर्षक स्वरूप में बच्चे सुंदर छटा बिखेरते नजर आयेंगे।



## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढाकोटा

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा (10 से 25 अप्रैल) के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। उन्होंने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षा से सशक्तिकरण विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं बबीता काछी, मोहिनी काछी, माधुरी सिलावट, पूजा अहिरवार, रोशनी लोधी, आशी सेन, नेहा साहू, पार्वती काछी, शिवानी लोधी, भूमिका जाटव, गीता काछी, लक्ष्मी लोधी, मोहिनी यादव, दुर्गा प्रजापति, शालिनी लोधी, सरस्वती लोधी, वर्षा पटेल कौशल्या काछी, मोहिनी चौकसे, खुशबू कुर्मी और पूजा यादव शामिल रही। प्रतियोगिता में कार्यक्रम प्रभारी सुश्री आकृति खरे एवं शिम्पी मौर्या के साथ सुश्री ममता अहिरवार, सुश्री रोशनी रोहित, पुष्पेंद्र वर्मन सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख डॉ. घनश्याम भारती ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को आगामी मुख्य समारोह में प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार देने की घोषणा की।

## खुरई के दो सड़क हादसों में 6 घायलः सड़क निर्माण की लापरवाही से दो बाइकें टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

बीती रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला और एक बच्चे सहित कुल छह लोग घायल हो गए। इनमें से पिता-पुत्र को गंभीर हालत में सागर रेफर किया गया है। ये हादसे खुरई-राहतगढ़ सड़क निर्माण में ठेकेदार की कथित लापरवाही के कारण सामने आ रहे हैं।

पहली घटना ऑडिटोरियम के पास हुई, जहाँ महूना कायस्थ निवासी सोनू कुर्मी (38), उनकी पत्नी प्रियंका कुर्मी (35) और बेटे गट्टू कुर्मी (10) खुरई से अपने गाँव लौट रहे थे। उनकी बाइक को सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। इस दूसरी बाइक पर कजरई निवासी अमोल सौर (18) और रामबिहारी सौर (17) सवार थे।

इस टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार सभी पाँच लोग घायल हो गए। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सोनू कुर्मी और उनके बेटे गट्टू कुर्मी को गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया। सोनू कुर्मी के पैर में फ्रैक्चर बताया गया है। सोनू कुर्मी ने बताया कि वे रिश्तेदारी में शादी की खरीदारी कर लौट रहे थे। दूसरी घटना खुरई-रजवांस रोड पर स्थित मुड़िया गाँव के पास हुई। यहाँ पठारपुरा निवासी प्रीतम पिता गिरधारी आदिवासी (45) को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ठेकेदार की लापरवाही से हुई घटना

खुरई-राहतगढ़ सड़क निर्माण का काम कई महीनों से लगा हुआ है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क पर इन दिनों डिवाइडर का काम चल रहा है। दोनों तरफ के वाहन एक तरफ की सड़क पर चल रहे हैं। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।

घायल के परिजन वीरेंद्र पटेल ने बताया कि ठेकेदार की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। बीती रात भी दोनों बाइक सवारों को एक ही दिशा में जाना था। दूसरा बाइक सवार एक तरफ की सड़क बंद होने से वह दूसरी तरफ आ रहा था तभी यह घटना हो गई। इसमें पूरी गलती ठेकेदार की है।



## 24वां सवा करोड़ सीताराम नाम लेखन कार्य जारी एक माह में 65 लाख नाम लिखे

**सागर।** श्री सीताराम नाम लेखन की आध्यात्मिक परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है डाइट सिरोंजा परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकट मोचन सरकार की प्रेरणा से वर्ष 2012 में शुरू हुआ श्री सीताराम नाम लेखन अभियान अब 24वे सवा करोड़ लेखन जप की ओर अग्रसर है। उक्त जानकारी देते पं बृजेश द्विवेदी ने बताया कि अप्रैल 2012 से लेकर वर्तमान में भी कुल 15 वर्षों में सागर जिले के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण अंचल के धर्म प्रेमी बंधुओ के द्वारा अब तक 23 बार सवा करोड़ नाम लेखन पूर्ण किया जा चुका है। और 18 मार्च से 24 वा सवा करोड़ जप भक्तों द्वारा प्रारंभ किया गया है । आज दिनांक 18 अप्रैल को 1 माह में भक्तों द्वारा की गई लेखन कार्य की गणना की गई जिसमे भक्तों के द्वारा 200 पूर्ण लेखन कोपियो को सीताराम नाम बैंक हनुमान दुर्गा भैरव धाम मंदिर एवं 100 पूर्ण लेखन कोपियों को सनराइज मेगा सिटी स्थित जयगुरू देव भवन में जमा किया गया है जो कुल मिलाकर 300 पूर्ण लेखन कॉपी हुई ।

## उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के लिए पंजीयन शुरू

**सागर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को फल उद्यान ड्रिप लाइन, मिनी स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर, प्लास्टिक मल्चिंग, सब्जी एवं मसाला क्षेत्र विस्तार, पुष्प क्षेत्र विस्तार, तार फेंसिंग, छोटा ट्रैक्टर, स्प्रे पंप, शेडनेट हाउस, पॉली हाउस, प्याज भंडारण एवं पैक हाउस जैसी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इच्छुक किसान विभाग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, खसरा की नकल, आधार कार्ड की छायाप्रति, एससी/एसटी वर्ग हेतु जाति प्रमाण-पत्र तथा मोबाइल नंबर अनिवार्य हैं।उद्यानिकी विभाग ने कृषक भाइयों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कर योजनाओं का लाभ उठाएं।





## अनिश्चकालीन भूख हड़ताल के 76 घंटे बाद प्रशासन ने सुध ली कराया मेडीकल परीक्षण

**देवरीकला।** देवरी नगर के झुनकू वार्ड मुक्तिधाम में जन सहयोग से चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य को प्रशासन द्वारा रोके जाने एवं अतिक्रमण बताकर तोड़े जाने के विरोध में 4 सूत्रीय मांगो के समर्थन में चल रही अनिश्चकालीन भूखहड़ताल के 76 घंटे बाद सत्याग्रही युवक की हालत बिगड़ने लगी है। उसे तेज बुखार और कमजोरी के कारण उसे भारी बैचेनी की शिकायत दर्ज हुई है। मामले को लेकर 10 दिवसो से मूक दर्शक की स्थिति में रहे प्रशासन द्वारा आंदोलनरत युवक का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। विदित हो कि देवरी नगर के झुनकू वार्ड स्थित मुक्तिधाम में विगत 04 अप्रैल को प्रशासन द्वारा जनभागीदारी से चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य पर बलपूर्वक कार्रवाई कर रोक लगा दी थी। प्रशासन द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर की गई बुल्डोजर कार्रवाई में मुक्तिधाम परिसर में निर्माणाधीन पिलंत को भी ध्वस्त किया गया था। जिसे मुक्तिधाम समिति द्वारा गार्डरूम, लकड़ी भंडार कक्ष एवं अस्थि संचय कक्ष सहित भगवान आदियोगी के स्मारक की नींव बताया गया था। प्रशासन की नाटकीय कार्रवाई के बाद उपजा अहिंसक विरोध प्रदर्शन खत्म होने का नाम नही ले रहा है। विगत 10 दिवसो से स्थानीय नगर पालिका चौराहे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप और मुक्तिधाम में जनसहभागिता से सौन्दर्यीकरण किये जाने संबंधी 4 सूत्रीय मांगो के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन जारी है। इतने लंबे समय से चल रहा यह सत्याग्रह अनिश्चतकालीन भूख हड़ताल के दौर में पहुँच गया है। परंतु मामले में प्रशासन द्वारा अब तक न तो आंदोलनकारियों से किसी प्रकार का संवाद किया गया है न ही मामले के पटाक्षेप को लेकर किसी प्रकार के समन्वय का प्रयास किया गया है। स्थानीय नगरपालिका चौराहे पर विगत 15 अप्रैल से आरंभ हुई अनिश्चकालीन भूख हड़ताल के 76 घंटे बाद सत्याग्रही युवक सौरभ राजा गुप्ता निवासी तिलक वार्ड देवरी के स्वास्थ में गिरावट दर्ज हुई है। प्रशासन के निर्देश पर मेडीकल परीक्षण करने पहुँची चिकित्सा टीम द्वारा उसका मेडीकल चेकअप कराया गया जिसमें तेजबुखार एवं कमजोरी पाई गई है। चिकित्सकों द्वारा उसे दवाई लेने एवं खाद्य सामग्री लेने की सलाह दी गई जिसे उसके द्वारा मांगो के समर्थन में इंकार कर भूख हड़ताल जारी रखने की बात कही गई है। चिकित्सकों द्वारा उक्त संबंध में अनुविभागीय अधिकारी देवरी को स्थिति से अवगत कराया गया है। मुक्तिधाम के सौन्दर्यीकरण पर प्रशासनिक कार्रवाई के अहिंसक विरोध में 4 सूत्रीय मांगो के समर्थन में अनिश्चतकालीन भूख हड़ताल जारी है।

---

नगर निगम परिषद का विशेष सम्मिलन सम्पन्न, निगमाध्यक्ष समेत कई सदस्य रहे मौजूद

# नारी वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले कांग्रेस पार्टी सहित अन्य सभी विपक्षी दलों के विरूध्द निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



नगर निगम परिषद का विशेष सम्मिलन निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर संगीता सुशील तिवारी एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

नारी वंदन अधिनियम के पक्ष में संबोधित करते हुये महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति, बहनों और बेटियों के सम्मान, अधिकार एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह अधिनियम केवल कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी दिलाने का मजबूत संकल्प है। हमारे देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं। राजनीति, शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल, व्यापार और सामाजिक सेवा जैसे प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है। अब समय आ गया है कि उन्हें नीति निर्माण और लोकतांत्रिक संस्थाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में अधिक अवसर प्रदान कर लोकतंत्र को और सशक्त बनाएगा। जब महिलाएं निर्णय लेने वाली संस्थाओं में शामिल होंगी, तब समाज के हर वर्ग की समस्याओं और आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझा और समाधान किया जा सकेगा। यह अधिनियम प्रधानमंत्री मोदी के महिला सशक्तिकरण के संकल्प का परिणाम है, जिन्होंने सदैव महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। आज देश की महिलाएं उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, मातृत्व योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों तथा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। मैं नगर निगम सागर की महापौर होने के नाते यह मानती हूँ कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तब परिवार, समाज और राष्ट्र प्रगति करता है। हमें अपनी बेटियों को शिक्षित, आत्मनिर्भर और नेतृत्व के लिए प्रेरित करना होगा। आइए, हम सभी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत करें और महिलाओं के सम्मान, समानता तथा भागीदारी को मजबूत बनाने का संकल्प लें। यही सशक्त भारत और विकसित भारत की आधारशिला है। महापौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण एक कानून नहीं बल्कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्णायक कदम है हमारी नगर निगम की परिषद की ओर से इसे पूरा समर्थन है। संसद में भले ही 54 वोट कम पड़े और संशोधन बिल पास न हो पाया हो लेकिन मैं, प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होने 2023 में ही नारी शक्ति अधिनियम पास कराकर कानून बना दिया। 17 अप्रैल वाला संशोधन तो सिर्फ 2029 में लागू कराने के लिये था। हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री पुनः कोशिश करेंगे और 2029 के पहिले बहिनों को उनका हक मिलेगा।

निगमाध्यक्ष ने सभी भाजपा पार्षदों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण हेतु लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये संसद में बिल पेश किया था जिसका कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि बिल के समर्थन में सभी पार्षद चर्चा में भाग लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत करें। चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि नगर निगम परिषद द्वारा नारी वंदन अधिनियम के समर्थन का प्रस्ताव पारित किया जाता है तथा कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा विरोध करने पर निंदा प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजा जावे। परिषद में बाबा साहिब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर महापौर, निगमाध्यक्ष, निगमायुक्त तथा पार्षदों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

### पलेरा में खुला बड़ा घोटाला, शासकीय संपत्ति पर लोन, बैंक अधिकारी बोले-हमें क्या, बैंक जाने


# सरकारी गोदाम गिरवी, नीलामी जारी एयू बैंक का खेल या संगठित फर्जीवाड़ा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

जिले में सरकारी संपत्तियों को गिरवी रखकर लोन बांटने का सनसनीखेज खेल सामने आया है, जिसने बैंकिंग सिस्टम और प्रशासनिक निगरानी, दोनों की पोल खोलकर रख दी है। ताजा मामला पलेरा की कृषि उपज मंडी से जुड़ा है, जहां एयू स्माल बैंक ने नियमों को ताक पर रखकर एक शासकीय गोदाम को बंधक बनाकर लाखों का लोन मंजूर करके दे दिया और ज़ब उक्त लोन की किस्त नहीं चुकाई गई तो एयू बैंक द्वारा खुलेआम सरकारी गोदाम की दीवार पर नीलामी का नोटिस चस्पा के उसकी नीलामी के पंपलेट्स तक नगर में बाँट दिए गये है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब मामला उजागर हुआ, तो बैंक के जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी खुद को बचाते हुए पल्ला झाड़ते नजर आए, एयू बैंक के जिला अधिकारी कह रहे है कि हम तो अभी अधिकारी बने हैं, इसलिये उक्त मामले को लेकर बैंक जाने। अब सवाल है कि अगर समय रहते उक्त मामले को लेकर वृहद जांच नहीं हुई, तो यह फर्जीवाड़ा जिले की कई और सरकारी संपत्तियों को निगल सकता है।




### सरकारी गोदाम पर बैंक का कब्जा, दीवारों पर चस्पा नीलामी नोटिस

पलेरा की कृषि उपज मंडी स्थित गोदाम क्रमांक-6 पर एयू स्माल बैंक ने कब्जा कर उसकी नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बैंक ने 14 लाख 80 हजार रुपये की कीमत तय करते हुए 20 मई को नीलामी की तारीख भी घोषित कर नगर में बाकायदा पंपलेट बांटकर लोगों को नीलामी में भाग लेने का न्योता तक दे दिया है, जैसे कोई निजी संपत्ति बेची जा रही हो, न कि सरकारी।

### जिम्मेदारी से भागते अधिकारी, सवालों से घिरा एयू बैंक

टीकमगढ़ में कलेक्ट्रेट रोड पर एमपीईवी ऑफिस के ठीक सामने स्थित एयू स्माल बैंक के जिला अधिकारी पीवीएम अमित तिवारी से उक्त मामले को लेकर बात की गई तो उन्होंने उक्त मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह लोन तत्कालीन पीवीएम सचिन शर्मा के समय का है, इसलिये इस मामले में एयू स्माल बैंक जाने। मतलब जब जिम्मेदारी तय करने की बात आई, तो बैंक अधिकारी साफ बचते नजर आए।

### हरियाणा से मुंबई तक, एयू स्माल बैंक पर पहले भी उठ चुके सवाल

एयू स्माल बैंक का नाम पहली बार विवादों में नहीं आया है। देश के अन्य राज्यों में भी इसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ चुके हैं। हरियाणा फर्जीवाडा 2026 मामले में 47 करोड़ से अधिक के संदिग्ध लेनदेन फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी फंड का दुरुपयोग का मामला सामने आ चुका है जिसमें हरियाणा सरकार ने बैंक को सरकारी पैनल से हटाया और सीबीआई जांच कर कई गिरफ्तारियां की गई, साथ ही कुछ आईएएस अधिकारी भी सस्पेंड हुये। इसके अलावा मुंबई में एयू स्माल बैंक एटीएम में लगातार कैश खत्म रहने पर फइक ने 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

### इनका कहना है

यह गंभीर मामला है, इसमें हमने पलेरा तहसीलदार को जांच करने के निर्देश दिए हैं।

विवेक श्रोत्रिय, कलेक्टर टीकमगढ़

### बैंककर्मी का कबूलनामा, मंडी व नपा की अन्य संपत्तियों पर भी लोन

पलेरा मंडी के सरकारी गोदाम पर लोन स्वीकृत कराने की प्रक्रिया में शामिल एयू स्माल बैंक कर्मचारी धीरज साहू के उस चौकाने बाले कबूलनामे बयान ने उक्त मामले को तब और ज्यादा गंभीर बना दिया ज़ब धीरज साहू ने स्वीकार किया कि पलेरा का यह एकमात्र मामला नहीं, बल्कि जिले में ऐसे कई लोन दिए गए हैं, जहां मंडी और नगर पालिका की संपत्तियां गिरवी रखी गई हैं। अगर यह सच है, तो यह सिर्फ एक केस नहीं बल्कि पूरा नेटवर्क आधारित घोटाला हो सकता है।

### फर्जी एनओसी का खेल? मंडी ने किया साफ इनकार

उक्त मामले में मंडी सचिव धर्मेंद्र अहिरवार ने खुलासा यह किया गया है कि उक्त सरकारी गोदाम को बंधक रखकर लोन देने के लिये एयू स्माल बैंक को किसी भी प्रकार की एनओसी अधिकृत रूप से जारी नहीं की गई। जबकि आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से ऋण लिया गया। आखिर बगैर सत्यापन के एयू स्माल बैंक ने लोन कैसे पास किया?

### लीज की शर्तों की खुली अनदेखी और फर्जी दस्तावेज

पलेरा मंडी सचिव धर्मेंद्र अहिरवार ने बताया कि यह गोदाम वर्ष 2017 से 2047 तक 30 वर्ष के लिए मां गजानन ट्रेडर्स के संचालक भजनलाल राय को लीज पर दिया गया था। जिसका वार्षिक किराया भी तय किया गया था। साथ ही अनुबंध में क्रमांक 05 पर स्पष्ट शर्त रखी गई थी कि उक्त संपत्ति न बेची जा सकती है, न गिरवी रखी जा सकती है। इसके बावजूद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी गोदाम को एयू स्माल बैंक में बंधक बनाकर लोन लेना और एयू स्माल बैंक द्वारा उसे मंजूर करना, एयू स्माल बैंकके पूरे सिस्टम की मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### 19 को शोभायात्रा व धार्मिक आयोजनों की तैयारी पूरी

# परशुराम जन्मोत्सव को लेकर महिलाओं ने निकाली बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

भगवान परशुराम जन्म महोत्सव को लेकर शहर में आस्था और उत्साह का माहौल चरम पर है। इसी कड़ी में शनिवार शाम ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा निकाली गई बाइक रैली ने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रैली की सबसे खास बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर साफा बांधकर बाइक चलाई और पूरे जोश के साथ भागीदारी निभाई, जिससे आयोजन को नया और प्रेरणादायक स्वरूप मिला।

उक्त बाइक रैली की शुरुआत शहर के प्राचीन नजरबाग मंदिर से हुई, जहां से श्रद्धालुओं का जत्था जयघोष के साथ निकला। रैली शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों से होती हुई गांधी चौराहे पहुंची, जहां भगवान परशुराम की महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। पूरे रास्ते श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला और जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया। इस दौरान ब्राह्मण महिला संगठन की अध्यक्ष नीतू



द्विवेदी ने बताया कि 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्म महोत्सव के अवसर पर पूरे दिन विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 5 बजे महेंद्र सागर तालाब स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थल पर अभिषेक और पूजन किया जाएगा, साथ ही अग्निहोत्र यज्ञ का आयोजन भी होगा। सुबह से लेकर शाम तक प्रतिमा स्थल पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान चलते रहेंगे। इसके बाद शाम को प्राचीन नजरबाग मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। आयोजन समिति के सदस्य एडवोकेट सौरभ शर्मा के अनुसार, शोभायात्रा नजरबाग मंदिर से प्रारंभ होकर सिंधी धर्मशाला, लोकमान्य चौराहा, नजाई बाजार, कटरा बाजार, पुराना पोस्ट ऑफिस और तालदरवाजा होते हुए महेंद्र सागर तालाब पहुंचेगी। शोभायात्रा के समापन पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर महाआरती की जाएगी और इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है।

### गांव-गांव जाकर महिला पुलिस सुन रही समस्याएं, मौके पर समाधान

# एसपी मंडलोई की नव पहल आंगन तक पहुंची सुरक्षा पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को नई दिशा देने के लिए पुलिस द्वारा एक अभिनव पहल शुरू की गई है, जो अब सीधे घर-आंगन तक पहुंच रही है। मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारी गांव-गांव तथा मोहल्लों में पहुंचकर महिलाओं और युवतियों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इस पहल के तहत महिला पुलिस न केवल सार्वजनिक स्थलों पर, बल्कि महिलाओं के घरों की दहलीज तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रही है। महिलाएं अपनी परेशानियों, शिकायतों और जरूरतों को खुलकर साझा कर रही हैं, जिनका मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा का भाव तेजी से बढ़ रहा है। पुलिस द्वारा इस दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा के उपायों और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही महिला सुरक्षा, स्वतंत्रता और समानता से जुड़े विभिन्न अभियानों के बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि महिलाएं न केवल सुरक्षित महसूस करें बल्कि अपने अधिकारों के प्रति भी सजग बनें। इसी क्रम में 17 अप्रैल को अस्तोन चौकी क्षेत्र में महिला प्रधान आरक्षक नूरजहां अपनी टीम के साथ गांवों में पहुंचीं। उन्होंने मोहल्लों में महिलाओं और युवतियों को एकत्रित कर उनके आंगन में ही संवाद किया। इस दौरान महिलाओं ने घरेलू समस्याओं से लेकर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों तक खुलकर अपनी बात रखी, जिनका समाधान संवेदनशीलता और तत्परता के साथ किया गया। इस पहल का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में साफ दिखाई देने लगा है, जहां पहले महिलाएं अपनी समस्याएं बताने में झिझकती थीं, वहीं अब वे खुलकर पुलिस से संवाद कर रही हैं।

### गांव भेलसी में हड़कंप, परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप

# हत्या या हादसाः कुएं में तैरती मिली मां-बेटे की लाश, जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलसी में शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। यहां 28 वर्षीय काशीबाई और उनके दो साल के मासूम बेटे अभिराज के शव गांव के एक कुएं में तैरते हुये संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किए गए।

उक्त सूचना मिलते ही बल्देवगढ़ थाना प्रभारी चंदन शाक्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। घटना के बाद गांव में शोक के साथ-साथ तनावपूर्ण माहौल भी बन गया। मामला उस समय और गंभीर हो गया, जब मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगा दिया। मृतका के भाई सुंदर लोधी ने आरोप लगाया कि उनकी बहन और भांजे की बेरहमी से हत्या कर शवों को कुएं में फेंका गया है। उन्होंने बताया कि काशीबाई के चेहरे पर चोट के निशान थे और पति राहुल लोधी सहित ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। बताया जा रहा है कि मृतका ने 13 अप्रैल को ही अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद अब इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था, लेकिन रात होने और डॉक्टर उपलब्ध न होने के कारण शवों को मर्चुरी में रखवाया गया। शनिवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन सिंह शाक्य, खरगापुर थाना प्रभारी अंबर सिकरवार और एसडीओपी राहुल कटरे मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामला संदिग्ध है और हर पहलू से जांच की जा रही है। एसडीओपी राहुल कटरे ने स्पष्ट किया कि दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं परिजनों का आरोप है कि गुमशुदगी की सूचना देने के बावजूद पुलिस ने समय पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिससे घटना की गंभीरता और बढ़ गई। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और पूरे मामले की गहनता से जांच जारी है।

### मामूली विवाद पर दो पक्ष भिड़े, घटना सीसीटीवी में कैद

# मुखर्जी चौराहे पर धमासान बंदूक से मची अफरा-तफरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर के नए बस स्टैंड स्थित मुखर्जी चौराहे पर शुक्रवार देर शाम वाहन क्रॉसिंग को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक डॉक्टर सहित कई लोग घायल हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज शनिवार को सामने आने के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि कार सवार तीन लोग एक युवक के साथ मारपीट कर रहे हैं। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए और दोनों तरफ से हमला शुरू हो गया। इस दौरान हालात इतने बिगड़ गए कि एक पक्ष द्वारा कार से बंदूक निकालने की बात भी सामने आई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को संभालने की कोशिश की और बंदूक छुड़ाने का प्रयास किया। मारपीट में कार सवार डॉ. अभिषेक सोलंकी के सिर में गंभीर चोट आई, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी एमएलसी भी दर्ज कराई गई है।

वहीं दूसरे पक्ष के राजा राय को भी चोटें आईं, जिनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। घटना के बाद जिला अस्पताल में देर रात तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा, जहां दोनों पक्षों के समर्थकों की भीड़ जमा हो गई थी। इधर, मारपीट के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए, जहां भारी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने से स्थिति और संवेदनशील हो गई। पुलिस को हालात काबू में करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। कोतवाली टीआई रवि भूषण पाठक ने बताया कि डॉ. अभिषेक सोलंकी की शिकायत पर 5 से 6 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### 150 लोगों को बांटे चश्मे, मोतियाबिंद मरीजों को भेजा चित्रकूट

# आंखों को नई रोशनी, ग्राम बैरवार में लगा निःशुल्क नेत्र शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के बीच जिले के जतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरवार ग्राम पंचायत में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पंचायत भवन में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और उपचार का लाभ उठाया। यह शिविर श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुण्ड चित्रकूट के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित सलाह और इलाज उपलब्ध कराया।

उक्त शिविर में लगभग 300 से अधिक लोग पहुंचे, जिनमें से 150 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, वहीं 70 मरीजों को आवश्यक दवाएं दी गईं। दूर और पास की नजर कमजोर होने की समस्या से जूझ रहे लोगों को इस पहल से सीधा लाभ मिला। जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, उन्हें आगे के उपचार के लिए तत्काल व्यवस्था की गई। 10 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट धाम भेजा गया, जबकि अन्य 10 मरीजों को भी विशेष इलाज हेतु रेफर किया गया। इन सभी मरीजों को चिकित्सालय की ओर से निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराई गई, साथ ही ऑपरेशन के बाद उन्हें वापस शिविर स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। शिविर में पंजीयन के दौरान आधार कार्ड की फोटो कॉपी और मोबाइल नंबर अनिवार्य रखा गया, जिससे मरीजों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके और आगे की चिकित्सा प्रक्रिया में सुविधा हो। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत बैरवार के सरपंच सुरेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आईजी की बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

# अपराधियों पर शिकंजा कसने चेतावनी के साथ पुलिस को मिली शाबाशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




जिले में अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने तथा कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सागर आईजी मिथिलेश शुक्ला ने की, जिसमें डीआईजी विजय खत्री एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई सहित जिले के समस्त पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त बैठक में खास बात ये रही कि एसपी मंडलोई के निर्देशन में जिले में संचालित पुलिस के नवाचारो की सराहना करते हुये सागर आईजी शुक्ला ने जिला पुलिस को शाबाशी दी।

बैठक में जिले की कानून व्यवस्था, अपराधों की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रकरणों, वारंटों की तामील और पुलिस की कार्यप्रणाली की बिंदुवार समीक्षा की गई। आईजी शुक्ला ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए और चालानों को समय-सीमा के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए, ताकि न्याय प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। आईजी शुक्ला ने गुमशुदा व्यक्तियों, विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं से जुड़े मामलों को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि इन मामलों में त्वरित कार्रवाई कर जल्द से जल्द सुरक्षित दस्तयाबी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेताया कि इस प्रकार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विरुद्ध होने वाले अपराधों में विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश देते हुए आईजी शुक्ला ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई हो और पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई देरी न हो। साथ ही खात्मा और खारिजी प्रकरणों के लंबित रहने पर नाराजगी जताते हुए इनके शीघ्र निपटान के निर्देश दिए गए। उक्त समीक्षा बैठक में आईजी शुक्ला ने विशेष अधिनियमों के अंतर्गत सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने जुआ एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य प्रावधानों के तहत लगातार अभियान चलाने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्थायी वारंटों की तामील, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और न्यायालय में पेशी को लेकर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए आईजी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि लापरवाही या उदासीनता की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी।

बैठक में जनसंवाद को मजबूत बनाने पर भी विशेष बल दिया गया। आईजी ने कहा कि पुलिस का व्यवहार आमजन के प्रति सहज और शालीन होना चाहिए, ताकि लोगों का विश्वास बढ़े। उन्होंने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के लिए गांव-गांव तक अभियान चलाए जाएं और लोगों को जागरूक किया जाए। इस दौरान आईजी और डीआईजी ने जिले में पुलिस अधीक्षक द्वारा किए जा रहे नवाचारों और अपराध नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की।

### भगवान परशुराम की जयंती मनेगी, कई जगह होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

# अक्षय तृतीया आज, शादियों की धूम रहेगी, कई जोडे बंधेगे परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अक्षय तृतीया रविवार 19 अप्रैल को मनाई जाएगी। यह त्योहार हिंदू और जैन दोनों धर्मों के लिए महत्वपूर्ण होता है। जैन धर्म जहां इस दिन वर्षीतप व उपवार रखने वालों का वृहद स्तर पारणोत्सव का आयोजन करता है। वहीं सनातन धर्म अक्षय तृतीया के दिन अबूझ सावा होने के कारण विवाहोत्सव व अन्य धार्मिक आयोजन करता है। इसलिए शहर सहित जिलेभर में अक्षय तृतीया पर शादी समारोह की धूम रहेगी। कई जगह सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सैकडो नवयुगल अग्नि के सात फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंधेगे। वहीं इस दिन भगवान परशुराम की जयंती भी मनाई जाएगी।

दरअसल अक्षय तृतीया अबूझ सावा है। इसलिए अक्षय तृतीया पर रविवार को जिलेभर में शादी विवाह, गृह प्रवेश, वाहन या संपत्ति खरीदने, व्यापार आरंभ करने जैसे अन्य कई शुभ कार्य आयोजित किए जाएंगे। ऐसा भी कहा जाता है कि इस दिन भगवान श्री हरि विष्णु ने परशुराम के रूप में अवतार लिया था और मां गंगा का धरती पर अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। यही नहीं, चारधाम यात्रा की शुरुआत भी अक्षय तृतीया से होती है।



#### कई समाजों के होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

अक्षय तृतीया के मौके पर जहां जिलेभर में कई जगह एकल शादी समारोह आयोजित होंगे, वहीं मीणा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन जिले में चार स्थानों में आयोजित होगे। ढोटी आसीदा के मध्य आयोजित होने वाले मीणा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 83 जोडे, खिरनी गांव में आयोजित होने वाले मीणा समाज के विवाह सम्मेलन में 65, माताजी की खेडली में होने वाले मीणा समाज के विवाह सम्मेलन में 75 जोडे तथा भूरेडी गांव में होने वाले मीणा समाज के विवाह सम्मेलन में 39 जोडो का विवाह कराया जाएगा। जबकि बैरवा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन श्योपुर और भूरेडी में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा अन्य समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। जिनमें बडी संख्या में समाजीय लोग पहुंचेगे और उनकी उपस्थिति में समाज के सैकडो नव युगल परिणय सूत्र में बंधेगे।

#### आज निकालेंगे प्रभातफेरी, पूजन होगा



भगवान परशुराम की जयंती सर्व ब्राह्मण महासभा श्योपुर भव्यता के साथ मनाएगी। इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक वेद प्रकाश त्रिपाठी, सह संयोजक रोहित शर्मा घी वाले, राघव सरकार वीरपुर वाले ने बताया कि रविवार 19 अप्रैल को सुबह 6 बजे शहर में प्रभातफेरी निकाली जाएगी। सुबह 8 बजे से भगवान परशुराम मंदिर पर विधिवत रूप से भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन किया जाएगा। जबकि 24 अप्रैल को शाम 4 बजे वाहन रैली कॉलेज ग्राउंड से निकाली जाएगी। 25 अप्रैल को रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 26 अप्रैल को भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो शाम 4 बजे श्री रामतलाई हनुमान मंदिर से आरंभ होगी और किला रोड स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर पहुंचकर महाआरती के साथ सम्पन्न होगी।

#### श्योपुर और कराहल में सरकारी विवाह सम्मेलन होंगे

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत श्योपुर जिले में दो स्थानां पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। श्योपुर के बायपास रोड स्थित हैवीमशीनरी टीनशेड में आयोजित होने वाला यह सामूहिक विवाह सम्मेलन जनपद पंचायत श्योपुर सहित नगर पालिका श्योपुर व नगर परिषद बडौदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। जिसमें 137 जोडों का विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। वहीं दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन जनपद पंचायत कराहल के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 63 जोडों का विवाह कराया जाएगा।

### 41 वाहनों से वसूला गया 20 हजार 500 रुपए का जुर्माना

# बिना नंबर फर्राटे भर रहे 41 वाहन ट्रैफिक पुलिस ने पकड़े, चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




वाहन चोरी और सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में शुरू किए विशेष अभियान के तहत ट्रैफिक थाना पुलिस ने एक्शन मोड में आकर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को चैकिंग प्वाइंट लगाकर 41 ऐसे वाहनों को पकड लिया, जो बिना नंबर शहर की सडकों पर फर्राटे भरते हुए यातायात नियमों को तोड रहे थे। ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने पकडे गए सभी 41 वाहनों पर न केवल मौके पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित करवाए,बल्कि उनके चालान काटते हुए उनसे जुर्माना भी वसूला।

ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि शुक्रवार को अभियान का पहला दिन होने के कारण बिना नंबर के पकडे गए वाहनों को नंबर अंकित करवाए जाने के बाद समझाइस देकर छोड दिया था। लेकिन कई वाहन संचालको ने समझाइस पर गंभीरता नहीं दिखाई। इसलिए शनिवार को वाहन चैकिंग के दौरान पकडे गए बिना नंबर वाले वाहनों पर चालान कार्रवाई की गई। ट्रैफिक प्रभारी राजपूत ने बताया कि शनिवार को पाली रोड और बडौदा रोड पर एएसआई देवेन्द्र सिंह जादौन,एनके झा तथा यातायात स्टाफ के साथ लगाए गए चैकिंग प्वाइंटो के दौरान बिना नंबर संचालित होते 41 वाहन पकडे, जिनमें ऑटो, ट्रैक्टर, डंपर, कार मोटरसाइकिल आदि वाहन शामिल थे। इन सभी वाहनों पर मौके पर ही रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित करवाए गए,इसके साथही इन वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 20 हजार 500 रूपए का जुर्माना भी किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने सभी वाहन चालकों से रंजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाए जाने की अपील की है।

# सीईओ जिला पंचायत ने स्वयं भरा ऑनलाइन स्वगणना फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जनगणना सेल्फ इन्यूमरेशन प्रक्रिया के तहत सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना फॉर्म भरकर नागरिकों को प्रेरित किया। सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी सौम्या आनंद ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे जनगणना पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें और इस प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने में सहयोग दें। उन्होंने ने बताया कि सेल्फ इन्यूमरेशन से समय की बचत होगी और जब टीम घर-घर पहुंचेगी, तब प्रक्रिया और भी आसान हो जाएगी। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे https://se.census.gov.in पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज करें। नागरिकों के लिये पोर्टल पर स्व-गणना का कार्य 16 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है, जो 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा। स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और इसे हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है, ताकि हर वर्ग के लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें। इसमें 5 से 10 मिनट में स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठायें और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें

### वरिष्ठ पत्रकार प्रभात प्रणय के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित

# विपरीत परिस्थितियों में मुस्कुराने का नाम जीवटता: रावत






हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जीवन केवल सांस लेने का नाम नहीं है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए आगे बढ़ने का नाम 'जीवटता' है। जीवटता का अर्थ है - हार न मानना, संघर्षों से जूझना, और हर असफलता को सफलता की सीढ़ी बनाना। यह एक मानसिक शक्ति है जो व्यक्ति को गिरने के बाद फिर से उठने और उड़ने का हौसला देती है। ओर प्रखर साहित्यकार, बेजोड़ शायर एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रभात प्रणय भी ऐसे ही जीवटता वाले इंसान हैं जो मौत को आंख दिखाकर वापस आए हैं। और आने के बाद उन्होंने दो किताबें लिखी और आज उनका विमोचन किया जा रहा है। यह बात पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने मुस्लिम सामुदायिक भवन जमातखाना में गजलकार ओर वरिष्ठ पत्रकार प्रभात प्रणय द्वारा लिखित किताबें जिंदगी पैरोल पर एवं चार में सार का विमोचन तथा प्रभात प्रणय के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधन देते हुए कही।

किताब विमोचन एवं सम्मान समारोह में अध्यक्षता करने भोपाल से श्योपुर पहुंचे मध्यप्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा रफत वारसी ने प्रभात प्रणय के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह स्टूडेंट्स लाइफ़ से ही प्रभात जी से प्रेरित रहे हैं। जिस तरह उन्होंने राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत होकर काव्यपाठ किया खासकर उर्दू अदब के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने में सफल रहे वो उनकी विलक्षण प्रतिभा को दर्शाता है। पत्रकारिता के क्षेत्र में जिस तरह उन्होंने निडर और निष्पक्ष होकर काम किया उसका अनुसरण सभी पत्रकार करें। भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश नारायण गुप्ता ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर संबोधन दिए। कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश साहित्य परिषद के पदाधिकारी डॉ लोकेश तिवारी ने व आभार प्रदर्शन प्रीति भटनागर ने किया। इससे पहले स्वागत भाषण इंसाफ कुरैशी ने दिया व प्रभात जी के जीवन वृत पर प्रकाश डॉ अशफ़ाक अर्शी द्वारा डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन ओर सरस्वती वंदना के साथ हुई।

#### विभिन्न संगठनों ने किया सम्मान

इस दौरान विभिन्न सामाजिक साहित्यिक संस्थाओं ने भी प्रभात प्रणय का सम्मान किया। इस क्रम में मुस्लिम समाज की ओर से शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने, वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना की ओर से कमेटी के सदर इंसाफ कुरैशी ने, श्रमजीवी पत्रकार संघ की ओर से जिलाध्यक्ष दीपक दंडोतिया ओर उनकी टीम ने, प्रेस क्लब श्योपुर की ओर से जिलाध्यक्ष अखिल भदौरिया, प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ की ओर से भारत भूषण ने, साहित्य परिषद उर्दू की ओर से वरिष्ठ शायर डॉ अशफ़ाक अर्शी ने प्रभात प्रणय का माला पहनाकर शोल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

# विद्यालय बंद पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्राथमिक विद्यालय महुमार के बंद पाए जाने का मामला सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने शिक्षकों को नोटिस जारी किये है।

डीईओ यश जैन ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से 17 अप्रैल को शासकीय प्राथमिक विद्यालय महुआमार के बंद होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना प्राप्त होते ही विद्यालय का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में पाया गया कि संबंधित विद्यालय का स्टाफ विद्यालय समय में अनुपस्थित थे, जिसके कारण विद्यालय बंद पाया गया। इस गंभीर लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए प्रधानाध्यापक हरिविलास बंजारा एवं शिक्षिका गायत्री कुरील को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे अपना स्पष्टीकरण 2 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को सहन नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सम्राट विक्रमादित्य ज्ञान पर प्रतियोगिता में नंदिनी जाट को प्रथम स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में सम्राट विक्रमादित्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नंदिनी जाट ने प्रथम स्थान, सत्यवीर बैरवा एवं शिवानी बाल्मीकि ने द्वितीय स्थान तथा पवनसुत योगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया सम्राट विक्रमादित्य केवल एक राजा ही नहीं थे, बल्कि वे न्याय, पराक्रम और ज्ञान के प्रतीक माने जाते हैं, उनका शासनकाल भारतीय इतिहास में स्वर्णिम युग के रूप में जाना जाता है। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डॉ भूपेंद्र हरदेनिया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य साहस और वीरता के प्रतीक थे। उन्होंने कई युद्धों में विजय प्राप्त कर भारत की सीमाओं की रक्षा की। उनके शासन में धर्म, संस्कृति और शिक्षा का अत्यधिक विकास हुआ। महाविद्यालय स्तर पर इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत उत्साह एवं सक्रियता के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की गई।

### रामबड़ौदा वेयरहाउस पर हंगामा,कलेक्टर के आश्वासन पर शुरू हुई तुलाई

# सैंपल पास और फेल करने के नाम पर लेनदेन के आरोप, नाराज किसानों ने धरना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



गुरुवार को रामबड़ौदा वेयर हाउस पर किसानों ने शासकीय गेहूं खरीद केंद्र पर सेंपल फेल पास करने के नाम पर लेनदेन के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और तुलाई बंद कर वेयर हाउस के बाहर धरना दे दिया। बाद में कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद किसान धरना उठाने ओर तुलाई शुरू कराने पर राजी हुए।

किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला ने बताया कि जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर रामबड़ौदा वेयरहाउस स्थित गेहूं खरीदी केंद्र पर हंगामा होने की सूचना मुझे कुछ किसानों के माध्यम से मिली। किसानों ने बताया अधिकारी ओर कर्मचारी सेंपल चेक करने के नाम पर लूट कर रहे है। किसान नेता मूंड़ला ने बताया कि उन्होंने मौके पर पहुंचकर, स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान नागरिक आपूर्ति निगम के सर्वेयरों द्वारा अधिकांश किसानों के गेहूं के सैंपल को अमानक बताकर रिजेक्ट किया जा रहा था, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। इसके विरोध में किसानों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान नेता राधेश्याम मीणा ने विरोध दर्ज कराते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा से फोन पर चर्चा कर पूरे मामले से अवगत कराया। प्रदर्शन के बाद प्रशासन हरकत में आया और गेहूं खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। किसान नेता ने बताया कि इस केंद्र पर विभिन्न सहकारी संस्थाओं के माध्यम से गेहूं उपार्जन होना है, लेकिन 13 अप्रैल से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ लंबी कतारों में खड़े हैं। शादी-ब्याह के सीजन में खरीदी न होने से किसानों को आर्थिक सहित कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा 15 अप्रैल से खरीदी शुरू करने की घोषणा के बावजूद 18 अप्रैल तक खरीदी शुरू नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और यह किसान विरोधी रवैया दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि गेहूं में चमक या अन्य मामूली कारणों से सैंपल रिजेक्ट न किए जाएं, स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और केंद्र पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो किसान उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



#### पांच साल बाद शुरू हुई सायलो पर खरीद

वर्ष 2021 के बाद सायलो सेंटर सलमानिया पर खरीदी शुरू हुई है इससे किसानों को तुलाई में राहत मिली है। हालांकि पहले दिन तुलाई देरी से शुरू हो सकी जिससे किसानों ने हंगामा भी किया लेकिन बाद में कलेक्टर शीला दाहिमा के हस्तक्षेप के बाद तुलाई शुरू हो गई। पहले ही दिन नागदा सायलो केंद्र पर खरीदी तय समय से पूरे 5 घंटे की देरी से शुरू हो पाई। ऐसे में किसानों को गेहूं बेचने के लिए दिनभर इंतजार करना पड़ा। कई किसानों का नंबर गेहूं बेचने के लिए दूसरे दिन तक आ सकेगा। ऐसे में किसानों को परेशानी होगी। ज्ञात हो कि समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 18 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराए हैं। सोमवार से सायलो सलमान्या पर खरीदी शुरू की गई।

### सवाल:कोई जानबूझकर छोड़ गया या फिर रास्ता भटककर यहां पहुंची बालिका

# सोंईकलां के पास नेशनल हाईवे पर बिलखती मिली ढाई साल की 'लाडो'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे पर सोंईकलां के पास शनिवार की अल सुबह एक ढाई साल की बालिका रोती विलखती मिली है। बालिका अभी बोल नहीं पाती है,इसलिए वह अपने बारे में कुछ नहीं बता रही है। ऐसे में यह सवाल खडा हो गया है कि यह ढाई साल की मासूम बालिका हाइवे पर लावारिस हालत में कैसे पहुंची। इसे कोई बोझ समझकर हाइवे पर छोडकर गया है फिर यह किसी तरह भटकते हुए यहां पहुंच गई। फिलहाल मानपुर थाना पुलिस ने बालिका को वन स्टाप सेंटर में पहुंचा दिया और उसे परिजनों की तलाश करवाई जा रही है।

मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि सोंईकलां के पास नेशनल हाइवे पर लगे ईट भट्टे पर काम करने वाले एक मजदूर को शनिवार की अल सुबह करीब साढे पांच बजे यह बालिका हाइवे पर अकेली रोती हुई दिखाई दी। जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए जिन्होने किसी तरह बालिका को चुप कराया और पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलने पर पुलिस की डायल 112 टीम पहुंच गई। फिलहाल बालिका की पहचान नहीं हो पाई है,लेकिन बालिका को सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत करके उसे वन स्टाप सेंटर में पहुंचा दिया और उसके परिजनों की खोजबीन की जा रही है।

#### संविदाकर्मी ने सीएमओ पर एफआईआर दर्ज करवाने आवेदन दिया

श्योपुर। नगरपालिका में संविदा कर्मचारी ने सीएमओ आरआर यादव के विरुद्ध कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करवाने आवेदन दिया है। नपा कर्मी ने आवेदन में सीएमओ पर गाली गलौज करने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि सीएमओ ने आरोपों को निराधार बताते हुए उलटे कर्मचारी पर ही काम नहीं करने के आरोप लगाए हैं। नपा कर्मी बिकास डण्डौतियां जो सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ है। ओर वर्तमान में अतिक्रमण लिपिक के कार्य पर कार्यरत है ने कोतवाली थाना में दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि सीएमओ आए दिन उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर अपमानित करते रहते हैं। कोई भी अपनी समस्या लेकर जब वह सीएमओ के चेबर में जाते हैं तो सीएमओ बहुत ही बुरा व्यवहार करते हैं। वो वेतन रोक देने, सर्विस बुक पर लाल स्याही रंग देने। जैसी धमकी भी देते हैं। तीन माह का वेतन तथा 09 माह का एनपीएस लबित है। जिसके भुगतान संबधित जब भी मेरे द्वारा बोला जाता है तो सीएमओ द्वारा काफी अभद्र भाषा ओर गाली-गलौच का प्रयोग किया जाता है। कर्मचारी ने बताया कि वह ऐसी इस स्थिति से मानसिक प्रताडना से गुजर रहा है ऐसे में उसकर द्वारा यहाँ नौकरी कर पाना संभव नहीं है। इसलिए सीएमओ के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाए। आवेदन की एक प्रति कलेक्टर को भी भेजी गई है। इस संबंध में सीएमओ श्योपुर आरआर यादव का कहना है कि कर्मचारी लापरवाही पूर्वक काम कर रहा है ना तो अतिक्रमण हटाने में सहयोग कर रहा है न ही बाजार में पॉलिथीन जपती जैसा काम कर रहा है। काम की कहते हैं तो खुद धमकी देता है। लगातार अनुशासन हीनता बरत रहे कर्मचारी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाई की जाएगी।

